**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–07 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर हुए हमले की निंदा की। कहा–समाज में इस तरह के निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में लिया हिस्सा। स्वच्छता कर्मियों को सोलह से बीस हजार रुपये मानदेय और आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की घोषणा की।
- प्रदेश सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर लगाया प्रतिबंध। श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप के नमूने एकत्र करने का निर्देश जारी।
- रामायण के रचनाकार महर्षि वाल्मीकि की जयंती आज । राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में हो रहे हैं विविध आयोजन।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने कल मुख्य न्यायाधीश से बात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय परिसर में न्यायमूर्ति बी आर गवई पर हुए हमले से हर भारतीय क्षुब्ध है। समाज में इस तरह के निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी में स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को सम्मानित किया और उनपर पुष्पवर्षा भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जल्दी ही सरकार स्वच्छता कर्मियों को 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय देने की व्यवस्था करने जा रही है। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को आयुष्मान कार्ड के ज़रिए इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

***आने वाले समय में कुछ ही दिनों के अंदर वह ऑर्डर भी जारी होने वाला है जब स्वच्छता कर्मियों को सीधे उनके अकाउंट में सोलह से बीस हजार रूपये उनके अकाउंट में सीधे पैसा जाएगा। अब कोई उनका शोषण नहीं कर पाएगा। पोर्टल तैयार हो रहे हैं और हम लोग ये भी व्यवस्था बनाने जा रहे हैं कि सभी स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता मित्रों को हम लोग पांच लाख रूपये का आयुष्मान भारत के कार्ड की स्वास्थ्य की सुविधा भी उपलब्ध करवाने जा रहे हैं।***

मुख्यमंत्री कल वाराणसी में आयोजित डायरेक्ट सीडेड राइस कॉक्लेव में भी शामिल हुए। इस वैश्विक सम्मेलन में 300 से अधिक देश विदेश के प्रतिनिधियों ने कम पानी का उपयोग कर जल वायु परिवर्तन के अनुरूप धान की बोआई पर मंथन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को भारत ही नहीं बल्कि विश्व के फूड बॉस्केट के रूप में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में कृषि उत्पादन को तेज़ी से बढ़ाया है। राज्य को वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका होगी।

***मेरा ये मानना है कि उत्तर प्रदेश आज जितना खाद्यान्न का उत्पादन कर रहा है, इससे भी तीन गुना अधिक उत्पादन करने की सामर्थ्य उत्तर प्रदेश की धरती रखती है और ये उत्पादन की क्षमता को बढ़ाएंगे लागत को अगर हम कम करेंगे कोई कारण नहीं कि उत्तर प्रदेश ने जो अपना टारगेट तय किया है कि दो हज़ार उनतीस तीस में उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा और उसमें एग्रीकल्चर की भी अपनी बड़ी भूमिका होगी।***

वाराणसी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण भी किया और शास्त्रीय संगीत के दिग्गज पंडित छन्नू लाल मिश्र के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम वाराणसी के सर्किट हाउस सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति जानी तथा कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राजस्व वादों पर लगातार ध्यान देते हुए सरकारी जमीनों से तत्काल अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों से यह भी कहा कि गरीबों की जमीन कोई भी कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत सचिवालय में सभी आवश्यक कार्यों के निष्पादन सहित निवास, आय, जाति प्रमाण–पत्र वहीं से जारी करने को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रखी जाए और अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाए। किसी भी घटना एवं शिकायत पर प्रशासन, पुलिस या संबंधित विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया होनी चाहिए। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्टांप राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु सहित कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने यह आदेश देश के कई राज्यों में कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए दिया। राज्य के औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त ने सभी औषधि

निरीक्षकों को श्रीसन फार्मास्युटिकल द्वारा निर्मित और अब प्रतिबंधित किए जा चुके कफ सिरप के नमूने एकत्र करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कल लखनऊ में कई मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने प्रतिबंधित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की खेप की तलाशी ली। इस बीच, उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राज्य में ऐसी किसी भी दवा की बिक्री की अनुमति नहीं है जो मानकों के अनुरूप न हो।

***देखिए कप सिरप को लेकर के देश में जो चर्चा चल रही है उसमें हमारी सरकार ने उस पर प्रतिबंध लगा दिया है। हर स्थिति में हम अपने प्रदेश के लोगों के साथ हैं। किसी भी ऐसी दवाई जो मानकों के विपरीत है वो प्रदेश में बिल्कुल भी अलाउ नहीं है और मैं आपको स्पष्ट कर दूँ कि हमारी सरकार ने इस प्रकार के किसी कप सिरप को परचेजिंग नहीं की है।***

सरकार ने अगले आदेशों तक सरकारी और निजी संस्थानों में कफ सिरप के आयात और निर्यात पर भी रोक लगा दी है।

**********

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की कल घोषणा कर दी गई । मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि राज्य विधानसभा की दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए दो चरणों में– छह और ग्यारह नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती चौदह नवंबर को होगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उन्तीसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मेधावी छात्र–छात्राओं को पदक प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब विद्यार्थी और शिक्षक के बीच संवाद हो। ऐसे में विश्वविद्यालयों को छात्रों की कम से कम 75 फीसदी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

***कर सुधारों में मक्खन और घी पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जरी बॉर्डर पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से बुनकरों, डिजाइनरों और व्यापारियों को राहत मिलेगी। इस कटौती से बुनकरों की प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी और बिक्री में भी वृद्धि होगी। शिवांग के साथ, दिलनशी आरजू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

आज महाकाव्य रामायण के रचनाकार महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित महाग्रंथ रामायण हमें मानवीय, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों के साथ सत्य, न्याय एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है। इस बीच, सरकार के निर्देश पर आज विविध आयोजन किए जा रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है।

**********